# आयुक्त ने स्वीकृत नाली एवं रोड निर्माण का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 02 अंतर्गत शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए रामनगर में पेवर ब्लाक, गौरव पथ स्वीकृत नाली एवं रोड निर्माण का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने वार्ड क्रं. 26 रामनगर स्कूल मैदान के डोम शेड के नीचे पूर्व से लगे पेंविंग कार्य का अवलोकन किए। रोड किनारे चल रहे पेवर ब्लाक कार्य का निरीक्षण कर शेष कार्य को पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। गौरव पथ स्थित पुलिया के समीप नाली क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण पानी निकासी में समस्या आ रही है। उक्त नाली निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति प्राप्त किया गया है, निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य कराया जाएगा। रामनगर मुक्तिधाम से लगा हुआ रोड जर्जर हो गया है। रोड निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति मिली है आयुक्त द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया है निविदा प्रक्रिया पश्चात कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे उपस्थित रहे।

